# जूलॉजी टाइम्स

# (Zoology Times)

News Letter ( समाचार पत्रिका ) Vol. - I अप्रैल 2022

# प्राणीशास्त्र विभाग

**2021- 22**

संपादक
हंसराज परिहार
सहायक प्रोफेसर

माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय, तारानगर (चूरु)

# DEPARTMENT OF ZOOLOGY

News Letter ( समाचार पत्रिका ) Vol. - I अप्रैल 2022



# Zoology Times

प्राचार्य का संदेश,

बहुत ही प्रसन्नता का विषय है की महाविद्यालय का प्राणीशास्त्र विभाग जूलॉजी टाइम्स ( Zoology Times ) नाम से प्रथम समाचार पत्रिका ( News letter ) प्रकाशित करने जा रहा है। जूलॉजी टाइम्स के इस प्रथम वॉल्यूम के लिए मैं प्राणीशास्त्र विभाग को शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ। आशा करता हुँ की इस अंक के द्वारा विभाग की सत्र पर्यन्त की गतिविधियों, कार्यों एवं उपलब्धिओं के प्रतिबिम्ब से सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार इस नवाचार से लाभान्वित होगा।

धन्यवाद।

डॉ. एस. डी. मीना
प्राचार्य

संपादक

हंसराज परिहार, विभागाध्यक्ष- प्राणीशास्त्र विभाग

परामर्श मंडल

1. डॉ. सत्यवती 2. डॉ. वीरेन्द्र सिंह मांठ
3. प्रो. राजेंद्र प्रसाद कस्वां 4. प्रो. सरिता



## विभागाध्यक्ष का संदेश

सम्माननीय प्राचार्य महोदय की अनुमति के अनुसार समाचार पत्रिका जूलॉजी टाइम्स ( Zoology Times ) का प्रथम अंक प्रकाशित किया जा रहा है। इस अंक में जुलाई 2021 से अप्रेल 2022 तक की प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियों को शामिल किया गया है। यह पत्रिका विभाग की साल भर की गतिविधियों का एक लघुदर्पण है। आशा है कि संपादक द्वारा तैयार किया गया यह प्रथम अंक महाविद्यालय परिवार के लिए सार्थक और उपयोगी होगा। आगामी अंक हेतु आप सभी के सुझाव स्वागत योग्य होंगे।

**प्राणीशास्त्र विभाग**

प्रो. हंसराज परिहार- विभागाध्यक्ष

प्रो. अनिल कुमार - गेस्ट फैकल्टी ( SFS )

प्रो. रजनी - गेस्ट फैकल्टी ( SFS )

| क्र.सं. | कोर्सेज | अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | स्नातक स्तर - B.Sc. | 224 |
| 2. | स्नातकोत्तर स्तर- M.Sc. (SFS) स्पेशल पेपर - कीट विज्ञान ( Entomology ) | 40 |

## 2021-22 सत्र की गतिविधियां

**1. प्रेरक व्याख्यान ( Motivational Talks ) -** विभाग की स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष और स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध व उत्तरार्द्ध के विद्यार्थियों को विभागाध्यक्ष हंसराज परिहार द्वारा समय समय पर करियर, जॉब्स, परीक्षा तैयारी और आदर्श जीवन से संबंधित प्रेरणादायी व्याख्यान दिए गए।

**2. छात्र संगोष्ठी ( Student Seminars ) -** इस विभाग में सत्र पर्यन्त साप्ताहिक सेमिनार आयोजित हुए हैं जिसमें स्नातकोत्तर विद्यार्थियों द्वारा पावर पॉइन्ट के माध्यम से पाठ्यक्रम से जुड़े विषयों को प्रस्तुत किया गया। जैव विविधता एवं संरक्षण ( Biodiversity & Conservation ) और कीटों की दुनियां ( Insects World ) विषयों पर महाविद्यालय स्तरीय सेमिनार भी आयोजित हुए हैं।

**3. फील्ड विजिट ( Field visit ) -** विभाग के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को समय समय पर महाविद्यालय के गार्डन्स में फील्ड विजिट करवाया गया, जिसके दौरान इन्सेक्ट्स कलेक्शन का कार्य किया गया। स्थानीय वन विभाग, नर्सरी और एनिमल रेस्क्यू सेण्टर आदि का भी फील्ड विजिट करवाया गया जो विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हुआ। विजिट के बाद विद्यार्थिओं ने विभाग में अपनी फील्ड रिपोर्ट भी प्रस्तुत की।

**4. मधुमक्खीपालन और वर्मी कम्पोस्ट स्थलों का दौरा ( Visit of Apiculture & Vermi Compost Sites ) -** विद्यार्थियों को मधुमक्खीपालन और वर्मी कम्पोस्ट के स्थलों का भी विजिट करवाया गया। इन स्थलों पर विद्यार्थियों को इनसे जुड़े व्यवसाय की बारीकी से जानकारी दी गयी और उन्हें स्टार्ट अप के लिए प्रेरित किया गया।

**5. वॉल मैगजीन ( Wall Magazine ) -** स्नातकोत्तर प्रयोगशाला में विद्यार्थियों द्वारा दीवार पर विषैले और विषहीन साँपों एवं कीट विज्ञान के विभिन्न ऑर्डर्स के सामान्य लक्षण चित्र सहित लेमिनेटेड पेपर द्वारा प्रस्तुत कर वाल मैगजीन तैयार की गयी हैं

**6. कीट फोटोग्राफी ( Insect Photography )** - विद्यार्थियों द्वारा तारानगर और आस पास के क्षेत्रों में पाए जाने वाले कीटों की फोटोग्राफी भी की गयी है। फोटोग्राफी द्वारा स्थानीय इन्सेक्ट्स बायोडायवर्सिटी का डाटाबेस तैयार किया गया है।

**7. कीट संग्रह ( Insect Collection )** - विभाग के स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों द्वारा समय समय पर महाविद्यालय एवं फील्ड में अनेक कीटों का संग्रह भी किया गया। संग्रहित कीटों को प्रयोगशाला के इन्सेक्ट बॉक्स में ड्राई प्रिजर्वेशन विधि द्वारा प्रिजर्व किया गया है, जो अध्ययन हेतु अत्यंत उपयोगी हैं।

**8. प्रदर्शनी ( Exhibition )**- स्नातकोत्तर विद्यार्थियों द्वारा माह अप्रेल में कीट प्रदर्शनी ( Insect Exhibition ) का आयोजन किया गया, जिसका महाविद्यालय के प्राचार्य, सभी प्रोफेसर, नॉन टीचिंग स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा अवलोकन किया गया।

**9. कीट संग्रहालय ( Insect Museum )** - विभाग में प्रायोगिक कार्यों हेतु संग्रहित कीटों द्वारा प्रयोगशाला में इन्सेक्ट म्यूजियम तैयार किया गया है। अनेक कीटों को दीवार पर सॉफ्ट शीट्स के ऊपर पिंनिंग कर सिस्टेमैटिक्स डिजाइन के साथ प्रदर्शित किया गया हैं

**10. अन्य महाविद्यालय द्वारा विजिट ( Visit by other College )** - प्राणीशास्त्र विभाग की प्रयोगशालाओं का स्थानीय राजकीय महिला महाविद्यालय के विज्ञान के विद्यार्थियों और स्टाफ द्वारा विजिट भी किया गया।

**11. बौद्धिक सम्पदा पर वर्कशॉप (Workshop on IPR)** - विभाग के प्रभारी द्वारा बौद्धिक सम्पदा ( IPR ) पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमे भारत सरकार के पेटेंट अधिकारी डॉ. मनोज बालान मुख्य वक्ता रहे। वर्कशॉप में 1100 प्रतिभागियों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया। वर्कशॉप में डॉ. मनोज बालान ने विद्यार्थियों को पेटेंट की प्रक्रिया को पावर पॉइंट के माध्यम से विस्तार से समझाया

**12. लाइव अध्ययन ( Live Study )** - विभाग में कीट वर्ग ( Insect Class ) के अंतर्गत लार्वा से प्यूपा और प्यूपा से एडल्ट कीट डेवलपमेंट का लाइव ऑब्जरवेशन किया गया। इस सत्र में बटरफ्लाई एवं मोथ के डेवलपमेंट का लाइव अध्ययन किया गया। इस प्रकार के प्रायोगिक नवाचार से विद्यार्थियों में विषय के प्रति रूचि विकसित करने का प्रयास किया जाता हैं।

## विद्यार्थी उपलब्धियां ( Students Achievements )

1. NET JRF- विभाग के पूर्व छात्र ( M.Sc. Zoology, Batch 2021 ) मनोहर गोदारा ने NET JRF परीक्षा उत्तीर्ण की है।
2. शिक्षक पद पर चयन - पूर्व छात्रा प्रीति ( M.Sc.- Zoology, Batch 2020 ) नवोदय विद्यालय में शिक्षक पद पर चयनित हुयी हैं।
3. GATE - विभाग के पूर्व छात्र ( M.Sc.- Zoology, Batch 2020 ) नितीश शर्मा ने IIT खड़गपुर से GATE परीक्षा उत्तीर्ण की।
4. विभाग की छात्रा मनीषा बुंदेला ( B.Sc.- II ) डाक विभाग में GDS पद चयनित हुई है।

## शिक्षक उपलब्धियां ( Teachers Achievements )

विभाग के प्रभारी हंसराज परिहार के इस सत्र में 5 चैप्टर ISBN बुक में प्रकाशित हुए हैं और एक ISBN बुक भी प्रकाशित हो चुकी है। साथ ही 3 बुक प्रकाशन की प्रक्रिया में है।

## विजन ( Vision )

भविष्य में इस विभाग में जंतु संग्रहालय और प्राणी उद्यान ( Animal Museum and Zoological Garden ) की स्थापना कर विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन एवं शोध की सुविधाएं प्रदान करने के प्रयास किये जाएगें।


निम्न कौशल आधारित पाठ्यक्रम की विभागीय अनुमति प्राप्त कर प्रारम्भ करने के प्रयास किये जाएगें -

मधुमक्खी पालन, वर्मी कम्पोस्ट, मशरूम कल्चर

# Photo Gallery








































Aggarwal Flex TRN

# DEPARTMENT OF ZOOLOGY